# कार्यालय, ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान, बाड़मेर

ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान व रुमादेवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

रूमादेवी- सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृत्ति योजना 2023-24 में बाड़मेर जिले के चयनित लाभार्थियों की सूची

नोट: बालोतरा जिले के चयनित लाभार्थियों की सूची जल्द जारी की जाएगी। यह कार्यक्रम 27 अगस्त 2023 को आयोजित किया जाएगा।

| क्र सं | लाभार्थी का नाम | पिता का नाम | गाँव | क्षेत्र | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कसुम्बी | स्व. भैराराम | रामसर का कुआं | शिक्षा | सन् 2018 में कसुम्बी के पिता का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। आपके 6 बहनें है। आपकी माताजी पशुपालन एवं खेती का काम करके परिवार का गुजारा चला रही है। आपकी दयनीय आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए लगातार दूसरे वर्ष अक्षरा छात्रवृति योजना में आपका चयन किया गया है। |
| 2 | सीमा | स्व. तगाराम | केरनाडा, चौहटन | शिक्षा | आप अनाथ बालिका है। आपके 1 बहिन व 1 भाई है तथा आप सभी पढ़ाई कर रहे हैं। आपके परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए आपका अक्षरा छात्रवृत्ति योजना के तहत चयन किया गया है। |
| 3 | नरेश कुमार | स्व. हनुमानराम | जाखड़ों की ढाणी | शिक्षा | आप बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी हैं। आपके पिता का कुछ वर्ष पहले देहांत हो गया था। आप 3 भाई-बहिनें है तथा सभी पढाई करते है। आपको आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए आपका अक्षरा छात्रवृत्ति के अंतर्गत चयन किया गया है। |
| 4 | रुखमणराम | पन्नाराम | जानियावास, नांद | शिक्षा | आप 11वी कक्षा के दिव्यांग छात्र हैं। आपको 5 सेंटीमीटर से अधिक दूरी पर दिखाई नहीं देता है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आपने कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 79 प्रतिशत अंक हासिल किए। आपके एक भाई और एक बहिन है वे भी दिव्यांग हैं। |
| 5 | अणसी | स्व. दुर्गाराम | दौलोणियों का तला, मोतियोणियों का तला | शिक्षा | सन् 2008 में आपके पिताजी का कैंसर के कारण निधन हो गया था। आपकी माताजी पशुपालन एवं खेती का काम करके तीन बहिनों को पढ़ाई करवाती हैं। |
| 6 | बांका राम | स्व. कुशला राम | कुड़ला | शिक्षा | आप एक अनाथ विद्यार्थी हैं। आपके परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए लगातार दूसरी बार आपका इस छात्रवृत्ति योजना में चयन किया गया है। |
| 7 | मंगली | कुंभाराम | चोखाणियों की ढाणी, नांद | शिक्षा | सन् 2022 में आपके पति का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वर्तमान में आप बीएड कर रहीं हैं। आपके पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है। जिसके चलते आपका इस योजना के अंतर्गत चयन किया गया है। |
| 8 | रामेश्वर लाल | स्व. जगराम पूनिया | शशि बेरी, फगलू का तला, धनाऊ | शिक्षा | सन् 2016 में आपके पिताजी का निधन हो गया था। आप चार बहिनों के इकलौते भाई है। आपकी माताजी मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करती है। आप अक्षरा छात्रवृति योजना- 2021 के भी लाभार्थी हैं। |
| 9 | गज्जू बघेला | चेतनराम | सुजान नगर, जूनापतरासर | शिक्षा | आप आदिवासी वर्ग की छात्रा है। आपके 5 बहने हैं। पिछले वर्ष भी आपको अक्षरा छात्रवृति से लाभान्वित किया गया था, जिसकी बदौलत आप UPSC की तैयारी कर रही हैं। |
| 10 | हरीश चौधरी | गोकलाराम | ईशरोल | शिक्षा | आपके पिताजी पिछले 20 साल से दवाइयों के सहारे हैं। आपकी माताजी सिलाई करके घर खर्च चलाती हैं। आपके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। |
| 11 | प्रमिला | महेश कुमार | धुरटिया | शिक्षा | आपके पिताजी कैंसर पीड़ित है उनके नियमित दवाइयाँ चल रही हैं। प्रमिला 11 वीं कक्षा की छात्रा हैं। आपकी माताजी खेती का काम करके परिवार का भरण-पोषण करती हैं। |
| 12 | शांति कुमारी | किरताराम | प्रहलाद पुरा, उंड़ू | शिक्षा | शांति की 6 बहिनें है। इनकी माताजी गृहिणी हैं। शांति व उसकी सभी बहिने पढाई करती है। पिताजी के खेती के काम से सभी बेटियों को पढाना मुश्किल है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | स्वरूप सिंह | बाबूसिंह | बाड़मेर ग्रामीण | शिक्षा | सन् 2021 में आपकी माताजी का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। आपके पिता टैक्सी ड्राइवर है। वे स्वरूप को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने में सक्षम नहीं हैं। |
| 14 | मंजु | स्व. हरखाराम गोदारा | रामसर का कुआं | शिक्षा | मंजू के पिताजी का कैंसर के कारण निधन हो गया था। ये 2 बहने है, दोनों पढ़ाई कर रही हैं। आपके परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए आपका इस योजना के तहत चयन किया गया है। |
| 15 | लक्ष्मी | गोगाराम | नेहरों की नांडी, धनाऊ | शिक्षा | लक्ष्मी के पिताजी विकलांग हैं। ये 5 बहने हैं तथा सभी पढ़ाई करती हैं। इनकी माताजी सभी बहनों को पढ़ाई करवाने में सक्षम नहीं हैं। |
| 16 | केशी कुमारी | स्व. दमाराम | लोलटी हाइट, आदर्श उंडखा | शिक्षा | सन् 2022 में केशी के पिताजी का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। |
| 17 | कीर्ति माहेश्वरी | गणेश माहेश्वरी | कोतवाली पुलिस थाने के पीछे, बाड़मेर | मेडिकल व तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवृति | बाड़मेर निवासी कीर्ति माहेश्वरी पुत्री गणेश माहेश्वरी नीम्स यूनिवर्सिटी जयपुर की फिजियोथेरेपी की छात्रा हैं। कीर्ति पिछले वर्ष यूनिवर्सिटी की फीस समाज के सहयोग से भर पाई थी लेकिन परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति व अन्य कोई आर्थिक सहयोग न मिलने के कारण इस वर्ष ये फीस भरने में असमर्थ हैं। |
| 18 | भंवरी कुमारी | सिडाराम | रातड़ी, भियाड़, तहसील शिव | मेडिकल व तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवृति | भीयाड निवासी भँवरी कुमारी ने अपनी स्कुली पढाई गाँव में ही की। पिता किसान और माताजी पशुपालन का कार्य करके भँवरी को पढ़ाते हैं। इन्होंने Neet 2023 में 607 Marks प्राप्त कर आल इंडिया में 25113 वीं रैंक प्राप्त की। |
| 19 | केलम | शेराराम | शिवाजी नगर, कानासर तहसील शिव | कला (हस्तकला/ वीणा भजन/ हरजस आदि ) | केलम ने घर से वीणा पर भजन गाने का प्रयास करके शुरुआत की जिसके बाद इनका हौसला अफजाई करने हेतु संस्थान में आमंत्रित कर संस्थान अध्यक्ष रुमा देवी जी के मार्गदर्शन में वीडियो रिकॉर्ड करके फाउडेशन के सोशल मीडिया पेज पर अपलोड किया तो मात्र पाँच दिनों में 15 लाख से अधिक लोगों ने देखा। पारंपरिक वीणा भजन कला को जीवित रखने का बेहतरीन प्रयास करने के लिए इनको पिछले वर्ष अक्षरा स्कॉलरशिप से लाभान्वित किया गया था तथा इस वर्ष भी चयन किया गया है। |
| 20 | सुरेश कुमार | डालुराम | नांद | कला (हस्तकला/ वीणा भजन/ हरजस आदि ) | सुरेश लुप्त हो रही वाणी गायन कला को सँजोकर रख रहे हैं। आप इस क्षेत्र में युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। |
| 21 | रानी कुमारी | भगाराम | गंगासरा | कला (हस्तकला/ वीणा भजन/ हरजस आदि ) | रानी बाल कवयित्री हैं। आप एक होनहार छात्रा हैं। इनका सपना है कि लेखिका के रूप में समाज को जागरूक करने का कार्य करें। |
| 22 | हेमपुष्पा | रूपाराम | सुथारों का तला, गरल | कला (हस्तकला/ वीणा भजन/ हरजस आदि ) | हेमपुष्पा वर्तमान में बीएससी थर्ड ईयर में अध्ययनरत है। कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाली हेमपुष्पा कालबेलिया डांस की कलाकार हैं। कला के प्रति इनकी रुचि को देखते हुए इन्हें लगातार दूसरे वर्ष छात्रवृत्ति देकर लाभान्वित किया जा रहा है। |
| 23 | कविता | बाबू सिंह | डूडियों की ढ़ाणी | कला (हस्तकला/ वीणा भजन/ हरजस आदि ) | कविता हरजस गायन करती है साथ ही बीए प्रथम वर्ष की होनहार छात्रा है। इनके परिवार की कमजोर स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा कला के प्रति इनकी रुचि को प्रोत्साहित करने के लिए इन्हे छात्रवृति प्रदान की जा रही है। |
| 24 | मूमल मेहर | मठार खान | कानासर, शिव | खेल | मूमल मेहर सोशल मिडिया पर वायरल क्रिकेट प्रतिभा है। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इनका सपना है की ये स्टेट व नेशनल लेवल पर खेलें। |
| 25 | अनिशा बानो | याकूब खान | कानासर, शिव | खेल | अनीशा बानो बाड़मेर जिले की पहली अल्पसंख्यक बालिका है जो राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) में क्रिकेट खेल चुकी हैं। अनीशा का लगातार तीसरी बार अक्षरा स्कॉलरशिप में चयन हुआ है। |
| 26 | छगनी | नारणा राम | जोगेसर कुआं, गरल | खेल | छगनी जूडों खिलाडी तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। इन्होंने जूडो खेल में चार बार राष्ट्रीय स्तर तथा चार बार राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | चंचल | घेवरराम | जाखड़ो की ढ़ाणी, सनावड़ा | शिक्षा | चंचल पिछले वर्ष मिली छात्रवृति के सहयोग से बीएड कर रही है। इनकी माता मानी देवी कशीदाकारी का काम कर रही है। जमीन ज्यादा नही होने एवं परिवार बड़ा होने के कारण घर के आर्थिक स्थिति कमजोर है। |
| 28 | गुड्डी | पोकरराम | मेघवालों का तला, सनावड़ा | शिक्षा | गुड्डी के 4 भाई-बहनें हैं तथा सभी पढ़ाई करते हैं । इनके पिता कमठा मजदूर व माताजी कशीदाकारी का कार्य करती हैं। |
| 29 | लाभू राम | ईशराराम | जूना लखवारा, चौहटन | शिक्षा | लाभूराम के पिता कताई-बुनाई का कार्य करते हैं जिनका कोरोना काल के बाद कार्य अच्छा नहीं चल रहा है तथा खेती करके घर खर्च चलाते हैं। |
| 30 | घमंडाराम | चेतनराम | जूनी आटी | शिक्षा | घमंडाराम रीट की तैयारी कर रहे हैं। इनके पिताजी का स्वर्गवास 2008 में हो गया था। घमंडाराम खेती कार्य के साथ पढ़ाई करते हैं। |
| 31 | शरीफ खां | मोहम्मद खां | तलों का गाँव, कोटड़ा, शिव | शिक्षा | शरीफ़ खां बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष का छात्र है।<br>यह मंगणियार समुदाय से है।<br>इनके पिता शादी-विवाह में गीत गाकर घर का गुजारा चलाते है। |
| 32 | कमला | मेघाराम | बेनिवालसर, खेमपुरा | शिक्षा | कमला BSTC 2nd ईयर की छात्रा है। यह 3 भाई बहन है और सभी पढाई करते है। इनके पिताजी पत्थर तोड़ने का कार्य करते है। |
| 33 | संजना कुमारी | देव कुमार | उत्तरलाई, आदर्श ढूंढा | शिक्षा | संजना बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा है। संजना 2017 से गंभीर बीमारी (मधुमेह) से पीड़ित हैं। इनके पिताजी ड्राइवर है। |
| 34 | लीला | डूँगराराम | बाड़मेर ग्रामीण | शिक्षा | लीला के पिता कैंसर से पीड़ित है यह 4 भाई -बहन है और सभी पढाई करते है । |
| 35 | विनीता कुमारी | खेताराम | मापुरी; बुठिया | शिक्षा | विनीता द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। ये 8 भाई-बहने हैं तथा सभी पढ़ाई करते हैं। इनके पिता ड्राईवर हैं |
| 36 | हनुमान राम | रतन लाल | दुन्धाड़ीया तला, आटिया | शिक्षा | हनुमान बीएसटीसी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी है। इनके पिता का स्वर्गवास में कैंसर के कारण हो गया था। |
| 37 | ओम प्रकाश देवासी | वालाराम | भाँवरिया, फागलिया | शिक्षा | ओमप्रकाश BSTC का छात्र है। इनके पिता पशुपालन करते है। |
| 38 | रवि जयपाल | लजपत राम | इंद्रा नगर, बाड़मेर | शिक्षा | रवि के पिता सिलाई का कार्य व माता कशीदाकारी का कार्य करके हैं। ये पिछले वर्ष के अक्षरा छात्रवृत्ति के लाभार्थी हैं। |
| 39 | भूरी कुमारी | हेमाराम | आईदान की ढाणी, धारासर | शिक्षा | भूरी की 5 बहने व एक भाई है तथा सभी पढाई कर रहे हैं। इनके पिता किसान हैं। |
| 40 | पवनी | वासुदेव | नवातला, जैतमाल | शिक्षा | पवनी माताजी कशीदाकारी का काम करती है और पिताजी मजदूर है। यह 5 भाई - बहन है और सभी पढाई करते हैं। |
| 41 | मोहनी | अणदा राम | खेड़ा, आलमसर | शिक्षा | मोहिनी, जब 3 साल की थी तब इनके पिता का निधन हो गया था। इनकी माताजी गृहणी हैं। |
| 42 | मदीना बानो | अकबर खान | पादरिया | शिक्षा | मदीना अल्पसंख्यक परिवार से है। इनके पिता कमठा मजदुर है। ये 5 भाई -बहनें है तथा सभी पढ़ाई करते हैं। |
| 43 | पार्वती | खुमाराम | नेहरो कि नाड़ी | शिक्षा | पार्वती के पति विकलांग है और परिवार में कमाने वाला कोई नही है। |
| 44 | गोमी | चेनाराम | नेतराड़ | शिक्षा | गोमी की 6 बहने है और सभी पढाई करती है। पिता जी मजदूरी करते है। |

समय प्रात: 10 बजे

दिन व दिनांक : रविवार, 20 अगस्त 2023

स्थान - रुमादेवी क्राफ्ट सेंटर, किसान कन्या छात्रावास के सामने, बलदेव नगर बाड़मेर

नोट:

1. चयनित लाभार्थी के साथ माता/पिता अथवा अन्य एक अभिभावक का उपस्थित होना अनिवार्य है।

2. साथ में निम्न डॉक्युमेंट्स साथ लाने अनिवार्य है-

(i) बैंक डायरी (vi) अभिभावक आईडी प्रूफ

(ii) राशन कार्ड (vii) 2 पासपोर्ट साइज़ फोटो

(iii) आधार कार्ड (viii) खेल/कला क्षेत्र के प्रमाण पत्र

(iv) पेन कार्ड

(v) मार्कशीट 10वीं से स्नातक/स्नातकोत्तर

3. प्रातः 10 बजे तक उपस्थित होवें। अगर कोई इस समय तक अनुपस्थित रहता है तो प्रतीक्षा सूची मे से चयन कर लिया जाएगा।

4. चयनित लाभार्थियों के साथ आए अधिकतम 1 अभिभावक के भोजन की व्यवस्था रुमादेवी फाउंडेशन की तरफ की जाएगी।

5. सभी अंतिम रूप से चयनित लाभार्थियों को फोन कॉल के द्वारा सूचित किया जा चुका है।

Gramin Vikas Evam Chetna Sansthan Barmer

ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान बाड़मेर